# सुपर 30 के संस्थापक आनंद कुमार ने युवाओं को प्रेरित किया




लखनऊ : सुपर 30 के संस्थापक गणितज्ञ और शिक्षाविद् पद्मश्री आनंद कुमार ने युवाओं को प्रेरित किया। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि सफलता केवल जेईई स्कोर से निर्धारित नहीं होती है। कई वैकल्पिक रास्ते पर चलकर भी सफल करियर की दिशा में आगे बढ़ा जा सकता है। उन्होंने देहरादून स्थित मल्टीडिस्प्लनेरी विश्वविद्यालय यूपीईएस की ओर से आयोजित कार्यक्रम में युवा इंजीनियरों से संवाद करते हुए उन्हें प्रोत्साहित किया। इंजीनियरिंग के क्षेत्र में सफल होने के टिप्स भी दिए। इंजीनियरिंग के इच्छुक उम्मीदवारों को अपने जुनून को अपनाने और मजबूत इच्छा शक्ति के साथ आगे बढ़ने के लिए कहा। कार्यक्रम में यूपीईएस के पूर्व छात्र कुलदीप पाराशर जैसे युवा उद्यमियों से भी उन्होंने बातचीत की। जिन्होंने 2021 में भारत में डिजिटल पेंशन प्लेटफार्म तैयार किया है। एक अन्य यूपीईएस के पूर्व छात्र सिद्धिविनायक दुबे ने जेईई अभ्यर्थी से लेकर माइक्रोसाफ्ट में एक सफल इंजीनियर बनने के अनुभव को साझा किया। (वि.)